# CHHATTISGARH INSTITUTE OF TECHNOLOGY, JAGDALPUR
## छत्तीसगढ़ प्रौद्योगिकी संस्थान, जगदलपुर

Chitrakote Road, Dharampura-3, Jagdalpur (Bastar) – 494001
Ph: 07782-229439, Fax: 229401, E-mail: principal@gecjdp.ac.in


No./CGIT-JDP/MOW Civil/2026/ 1298 Jagdalpur, Date: 10/06/2026

निविदा क्र./CGIT-JDP/MOW Civil/2026/ 1298

निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि : 13/07/2026 समय: 03:00 PM

निविदा खोलने की तिथि : 14/07/2026 समय: 11:00 AM

प्रति,

.........................................................

.........................................................

.........................................................

## लघु निर्माण कार्यों हेतु निविदा प्रपत्र

(1) इस कार्य की अनुमानित लागत 16,66,687/- (सोल्लह लाख छियासठ हजार छह सौ सत्तासी रूपये मात्र) है व इस हेतु बयाना राशि (EMD) 12,500/- (बारह हजार पांच सौ रुपये मात्र) को "प्राचार्य, शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय, जगदलपुर" के नाम से जगदलपुर में देय बैंक ड्राफ्ट अलग से लिफाफे में रखे व उसके ऊपर "**बयाना राशि (EMD) लिफाफा**" लिखें। बयाना राशि (EMD) केवल डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से जमा किये जायेंगे। अन्य किसी माध्यम से स्वीकार नहीं की जाएगी। यदि निविदाकार यह प्रपत्र वेबसाइट से डाउनलोड करता है, तो रु. 500/- (non-refundable) के "प्राचार्य, शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय, जगदलपुर" के नाम से जगदलपुर में देय D.D. को अथवा संस्था से क्रय किये गए टेण्डर की रसीद को निविदा प्रपत्र के मूल्य के रूप में "**बयाना राशि (EMD) लिफाफा**" में रखे अन्यथा यह माना जायेगा कि उसने निविदा प्रपत्र विधिवत रूप से क्रय नहीं किया है। बयाना राशि (EMD) एवं निविदा क्रय राशि के अभाव में निविदा निरस्त कर दी जाएगी।

(2) एक अन्य लिफाफे में सूची में दिए गए कार्यों के संपादन हेतु एक संयुक्त प्रतिशत न्यूनतम दर संलग्न निर्धारित प्रपत्र (Annexure-II) में अंकित करें, व प्रपत्र में फर्म की मोहर व अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के हस्ताक्षर करें। अन्य समस्त दस्तावेज भी इसी लिफाफे में रखे, तथा इसे मोहरबंद कर सील करें। इस लिफाफे के ऊपर "**भाव पत्र लिफाफा**" लिखे।

(3) निविदा एवं संलग्न दस्तावेजों के प्रत्येक पेज पर निविदाकार फर्म की मोहर एवं अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के हस्ताक्षर होना चाहिए, अन्यथा निविदा निरस्त कर दी जाएगी।

(4) बिंदु क्रमांक (1) एवं (2) में वर्णित दोनों लिफ़ाफ़ो को एक बड़े लिफाफे में रखकर सील बंद करे, व ऊपर दी गई निविदा क्रमांक, दिनांक, अंतिम तिथि एवम् समय इत्यादि लिखकर रजिस्टर्ड पोस्ट/ स्पीड पोस्ट अथवा पी. एंड टी. विभाग से अधिकृत कोरियर या व्यक्तिगत रूप से भेजें। निविदा निम्न पते पर भेजें – "प्राचार्य, छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, जगदलपुर, धरमपुरा-3, जगदलपुर (बस्तर), छ.ग. – 494001".

(5) नियत तिथि तथा समय के उपरांत प्राप्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। यदि नियत तिथि किसी कारणवश अवकाश घोषित की जाती है तो अगले कार्यालयीन दिवस को अंतिम तिथि माना जायेगा।

(6) प्राचार्य, छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, जगदलपुर को यह अधिकार होगा कि वह किसी अथवा सभी निविदाओं को बिना कारण बताए स्वीकार अथवा निरस्त कर सकेगा।

(7) निविदाकार वाणिज्यकर विभाग का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र संलग्न करे तथा भावपत्र में GSTIN नंबर भी अंकित करे। GSTIN के अभाव में निविदा निरस्त कर दी जाएगी।

(8) पिछले 3 वर्षों का इनकम टैक्स रिटर्न जमा करना अनिवार्य है। इनकम टैक्स रिटर्न जमा न करने पर निविदा निरस्त कर दी जाएगी।

(9) नियत तिथि व समय पर प्राप्त समस्त निविदाये क्रय समिति व उपस्थित निविदाकार अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। इस हेतु कोई पृथक आमंत्रण / सूचना नहीं दी जायेगी।

(10) लघु निर्माण कार्यों हेतु कार्यादेश प्राचार्य, छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, जगदलपुर द्वारा जारी किये जायेंगे। सम्बंधित कार्य कार्यादेश की तिथि से 120 दिवस के भीतर पूर्ण करना होगा। केवल असाधारण परिस्थितियों में ही उक्त समयावधि बढाई जा सकेगी। उक्त समयावधि में कार्य पूर्ण न करने पर संस्था नियमानुसार सुरक्षा निधि आंशिक अथवा पूर्ण रूप से जप्त करने तथा अन्य आवश्यक कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र होगी।

(11) किसी भी विवाद की स्थिति में छ.ग. शासन लोक निर्माण विभाग के नियम व अन्य संशोधन सन्दर्भ रहेंगे, किन्तु आदेशकर्ता का निर्णय अंतिम होगा। न्यायालयीन प्रकरण की स्थिति में न्यायालयीन क्षेत्र जगदलपुर जिला बस्तर रहेगा।

(12) अगर निविदाकार को कार्यादेश जारी होने के पूर्व राज्य शासन का कोई सम्बंधित नियम / आदेश/ अध्यादेश/ अधिनियम प्रभाव में आ जाता है, जो इस निविदा की शर्तो को प्रतिकूल रूप से प्रभावित करता है, तो यह निविदा निरस्त की जा सकती है।

(13) जिन निविदाकारो को कार्यादेश प्राप्त नहीं होते है, उन्हें उनकी बयाना राशि (EMD) निविदा के अंतिम अनुमोदन/स्वीकृति के उपरांत लौटा दी जायेगी। एवं सम्बंधित निविदाकार को जिसे कार्यादेश जारी की जायेगी उसे सम्पूर्ण प्रक्रिया होने पर नियमानुसार सुरक्षा निधि वापस की जायेगी।

(14) कार्यादेश जारी होने पर सफल निविदाकार द्वारा कुल अनुबंध राशि का 5% (पाँच प्रतिशत) सुरक्षा निधि जमा करना होगा। निविदा के साथ जमा की गई बयाना राशि (EMD) उक्त सुरक्षा निधि का भाग मानी जाएगी। शेष सुरक्षा निधि नियमानुसार जमा करानी होगी अथवा देय भुगतानों से कटौती की जा सकेगी।

(15) संस्था हित में निविदा की शर्तो में किसी भी समय युक्ति-युक्त संशोधन का अधिकार अधोहस्ताक्षर कर्ता के पास सुरक्षित रहेगा।

(16) यह प्रपत्र हस्तान्तरणीय नहीं है। निविदाकार द्वारा की गयी डाक की वजह से हुई देरी हेतु निविदाकार स्वयं जिम्मेदार होगा।

(17) निविदाकार निविदा की न्यूनतम दर को Annexure-II में दी गई कंडिका में विधिवत अंकित करेगा तथा उसमें किसी प्रकार का काट-छाँट अथवा सुधार नहीं होना चाहिए। यह निविदा दर क्रय समिति की अनुशंसा पर प्राचार्य द्वारा अनुमोदन/अंतिम स्वीकृति की तिथि से 12 (बारह) माह की अवधि तक संस्था में स्वीकृत समान प्रकृति के कार्यो हेतु वैध रहेगी।

(18) निविदाकार का कार्य निष्पादन संतोषजनक पाए जाने तथा संस्था हित में आवश्यक समझे जाने पर प्राचार्य, छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, जगदलपुर को यह अधिकार होगा कि वह निविदा की वैधता अवधि को उन्हीं नियमों, शर्तों एवं दरों पर आगामी अवधि के लिए बढ़ा सके।

(19) संस्था किसी भी कार्य हेतु कार्यादेश जारी करने के लिए बाध्य नहीं होगी। निविदा में वर्णित कार्यों की सूची केवल संभावित कार्यों की सूची है तथा आवश्यकता अनुसार किसी भी कार्य को जोड़ा, घटाया अथवा निरस्त किया जा सकता है।

(20) आवश्यकतानुसार संस्था द्वारा कार्यों को पृथक-पृथक कार्यादेशों के माध्यम से निष्पादित कराया जा सकेगा तथा किसी भी कार्यादेश की मात्रा, मूल्य अथवा अवधि में आवश्यकतानुसार परिवर्तन किया जा सकेगा।

(21) निविदाकार के निविदा भरने से ही यह मान लिया जाएगा कि उसे निविदा की समस्त शर्ते स्वीकार है। निविदाकार ऐसी कोई शर्ते नहीं डालेगा जो निविदा शर्तो के विपरीत हो। ऐसी शर्ते अमान्य होंगी।

(22) कार्योपरांत भुगतान हेतु बिल तीन प्रतियों में उपलब्ध करना होगा। कार्यों का भौतिक सत्यापन कर मेज़रमेंट बुक एवं स्टाक रजिस्टर में एंट्री के बाद ही बिल का भुगतान किया जा सकेगा।

(23) देय भुगतानों से प्रचलित नियमों के अनुसार आयकर (TDS), GST-TDS, श्रमिक कल्याण उपकर तथा शासन द्वारा समय-समय पर अधिरोपित अन्य करों/कटौतियों की कटौती की जायेगी।

प्राचार्य
छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी
जगदलपुर, बस्तर, छ.ग.

**Annexure-I**: List of Works

| S. No. | Name of Work |
|---|---|
| 1 | Replacement of Old Asbestos Sheet & Repairing of Plaster at Old Workshop Building |
| 2 | Replacement of Old Asbestos Sheet & Repairing of Plaster at Old Boys Hostel (Kitchen Shed) |
| 3 | Renovation Work of Toilet in Ground Floor at Administrative Building (Common Toilet) |
| 4 | Renovation Work of Toilet in Ground Floor at Old Mechanical Building (Common Toilet) |
| 5 | Renovation Work of Toilet in Ground Floor at Old Mechanical Building (Girls Toilet) |
| 6 | Renovation Work of Toilet in Ground Floor at Old Mechanical Building (Boys Toilet) |
| 7 | Construction of Septic Tank, Soak Pit, Drainage & Outlet System for Toilet at Old Mechanical Building |
| 8 | Construction of Plinth Protection at Administrative Building |

Principal
Chhattisgarh Institute of Technology
Jagdalpur, Bastar (C.G.)

**Annexure-II**: Tender form

Tender year – 2026
Date of publication – ..........................................
Last Date of tender submission – 13/07/2026
EMD – 12,500/-
Security Deposit – 5% of contract value (including EMD, on award of contract), as per tender conditions.

TENDER FOR PERCENTAGE RATE WORK

I/We do hereby tender to execute the desired civil works for the Chhattisgarh Institute of Technology, Jagdalpur on the percentage rate basis accounting to B/R SOR 2015, Road SOR 2025 & Electrical SOR 2020 of Chief Engineer PWD Govt. of Chhattisgarh and in accordance with the specifications and instructions, written in rules/ terms and conditions therein, in anticipation of payment being made for the desired works at the rates specified in the tender form.

MEMORANDUM

| S. No. | Works to be carried out | Estimated Amount | EMD | Tender Fees | Remark |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Individual minor construction, maintenance and repair works costing up to Rs. 10.00 lakh each in various buildings, hostels and premises of the Institute as detailed in Annexure-I | 16,66,687/- | 12,500/- | 500/- | EMD is 0.75% of estimated cost, rounded off. |

1. I hereby quote the tender rate at ...................... percent above / below the applicable SOR rates as per my capability for the execution of work.
2. Tender rates shall remain valid for a period of 12 months from the date of approval/finalization of tender by the Principal on the recommendation of the Purchase Committee and shall be applicable to similar approved works during the validity period.
3. I accept all the terms and conditions of the tender.
4. Tender form purchase detail (receipt date and number/ DD details): .........................
5. GSTIN of the firm: ..............................................................................

Remark (if any) –

Seal of firm

Signature of
Authorized Signatory